THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI R. VENKATARAMAN): (a) to (e) The proposals received from the foreign firms for meeting the requirements of Vayudoot, Air Force Navy and Coast Guard for a Light Transport Aircraft have been considered by the Negotiating Committee constituted by the Government. The Negotiating Committee has since submitted its Report. The Report is under consideration of the Government. It would not be in public interest to give more details at this stage.

स्टेट बैंक ग्राफ इंडिया के निरीक्षक स्तर के कर्मचारियों की मांगें

1051. **श्री रामावतार शास्त्री :**
श्री जी०एम० बनातवाला : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जून के अंतिम सप्ताह में संपूर्ण देश के स्टेट बैंक आफ इण्डिया और उसके सात सहयोगी बैंकों के 55 हजार निरीक्षक स्तर के अधिकारियों ने एक दिन की हड़ताल की थी ;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या थे जिनकी वजह से उन्होंने हड़ताल की और उनकी मांगों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करने के लिए क्या कार्यवाही की है ?

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा भेजी गयी सूचना के अनुसार, 27 जून, 1983 को भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहयोगी बैंकों के लगभग 80 प्रतिशत अधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की थी । इन मांगों में वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति नीति का फैसला, कनिष्ठ अधिकारियों को अधिक सवारी व्यय की प्रतिपूर्ति, छः महीने से अधिक समय से निलम्बित सभी अधिकारियों की बहाली, एक मण्डल से दूसरे मण्डल को अधिकारियों का तबादला न किया जाना, रिटायरमेंट की आयु से ऊपर 60 वर्ष तक सभी अधिकारियों की सेवा का स्वत: विस्तार, सेवा नियमों के उन उपबंधों का निकाला जाना जिनके अनुसार बैंक को तीन महीने का नोटिस देकर अथवा तीन महीने का वेतन देकर अधिकारियों की सेवा समाप्त करने का अधिकार है आदि शामिल हैं। बैंक द्वारा यह भी बताया गया है कि प्रबन्धकों और अधिकारियों के महासंघ के प्रतिनिधियों के बीच हुई एक बैठक में पदोन्नति नीति के फैसले से सम्बद्ध महासंघ की मुख्य मांग पर समझौता हो गया है। अधिकारियों के महासंघ की अन्य मांगों के बारे में बातचीत चल रही है ।

25 पैसे के सिक्कों का बनाया जाना

1052. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने सरकारी टकसालों में 25 पैसे के सिक्के बनाना बन्द कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार का इसके बदले में कोई नया सिक्का बनाने का विचार है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) से (घ) ये प्रश्न उपस्थित नहीं होते ।